राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–201/2023

राज्यपाल ने शहीद पीर अली के शहादत दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

पटना, 07 जुलाई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शहीद पीर अली के शहादत दिवस के अवसर पर शहीद पीर अली पार्क, गाँधी मैदान, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी शहीद पीर अली की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....